**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 698**
**दिनांक 07.02.2023/ 18 माघ, 1944 (शक) को उत्तर के लिए**

**साक्षी संरक्षण निधि**

**†698 श्री श्याम सिंह यादवः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विभिन्न राज्य की सरकारों द्वारा वार्षिक बजट में विगत दो और वर्तमान वित्तीय वर्षों हेतु राज्य साक्षी संरक्षण निधि में किया गया राज्य–वार बजटीय आवंटन कितना है;**

**(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य साक्षा संरक्षण निधि से राज्य-वार कुल कितनी धनराशि का उपयोग किया गया; और**

**(ग) उक्त अवधि के दौरान राज्य साक्षी संरक्षण निधि में परोपकारी / धर्मार्थ संस्थानों / संगठनों और व्यक्तियों से राज्य-वार कितना दान / योगदान प्राप्त हुआ?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग): भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2016 की रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 156 में दिनांक 05.12.2018 के अपने निर्णय में साक्षी सुरक्षा योजना, 2018 की पुष्टि की है।

भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत "पुलिस" और "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय हैं और स्कीम के कार्यान्वयन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जिम्मेदार हैं।

इस स्कीम के अंतर्गत, स्कीम के व्यय को पूरा करने के लिए राज्य साक्षी सुरक्षा निधि का प्रावधान किया गया है। इस निधि को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के गृह विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। इस संबंध में सूचना सम्बंधित राज्य सरकारों द्वारा रखी जाती है।

*******